卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 231 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦1 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## अंतिम चरण में 57 सीटों के लिए पड़े वोट

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में शनिवार को सात राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले गये। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट भी शामिल है। जिन सीटों पर आज वोटिंग हो रही है, उसमें पंजाब और यूपी की 13-13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 9 सीटें, बिहार की 8 सीटें, ओडिशा की 6 सीटें, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटें, झारखंड की 3 सीट और एक चंडीगढ़ सीट शामिल है। इस चरण में कई बड़े दिग्गजों की किस्मत दांव पर है। अंतिम चरण में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर से, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर से, लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती पाटलिपुत्र और एक्ट्रेस कंगना रनौत मंडी सीट से मैदान में हैं। सातवें चरण की वोटिंग के दौरान पश्चिम बंगाल से फिर हिंसा की खबरें सामने आई हैं। बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त ने गुरुवार को ट्वीट किया कि जयनगर संसदीय क्षेत्र में बेनीमाधवपुर एफपी स्कूल से कुछ रिजर्व ईवीएम और सेक्टर अधिकारी के पेपरों को भीड़ ने लूट लिया। बंगाल सीईओ की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि भीड़ ने दो (शेष पृष्ठ सात पर)



## तीसरे दिन भी ध्यान में लीन रहे पीएम मोदी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कन्या कुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' देने के बाद शनिवार को तीसरे और अंतिम दिन अपनी ध्यान साधना शुरू की। बता दें "सूर्य अर्घ्य' आध्यात्मिक अभ्यास से जुड़ी एक परंपरा है, जिसमें भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधनमंत्री ने एक लोटे से समुद्र में सूर्य को जल अर्पित किया और माला जपी। उन्होंने बताया कि मोदी भगवा वस्त्र पहने हुए थे और उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। वह अपने हाथों में 'जाप माला' लेकर मंडपम के चारों ओर चक्कर लगाते (शेष पृष्ठ सात पर)



## युवक का शव मिलने से सनसनी ,हत्या की आशंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आने के बाद घर से गये युवक का शाम घर से दूर किच्छा बाईपास रोड़ पर नहर में शव पाये जाने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ ही पुलिस कर्मी भी मौके पर आ पहुंचे। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला खेड़ा निवासी इन्द्रपाल का 26 वर्षीय पुत्र गौतम पाल तीनपानी में एक दुकान पर काम करता था। बताया जाता है कि गत दिवस प्रात: करीब 11 बजे उसे किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसे सुनकर वह घर से चला गया। लेकिन उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा। जिससे परिजनों में चिंता होने लगी और उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। शाम लगभग 4 बजे गौतम पाल का शव किच्छा बाईपास रोड़ पर बीएचईएल के पास नहर में पड़ा पाया गया। शव मिलने वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी(शेष पृष्ठ सात पर)



## भाजयुमो नेता ने पिता का चाकू से पेट फाड़ा

### सम्पत्ति को लेकर चल रहा था विवाद,पुलिस ने चाकू सहित लिया हिरासत में

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। आज तड़के ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांर्गत मौहल्ला आजादनगर शमशान घाट रोड़ पर सम्पत्ति को लेकर चले आ रहे विवाद के चलते भाजयुमो के एक नेता ने अपने पिता पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसका पेट फाड़ दिया तथा घर से अपने परिवार व छोटे भाई के साथ भाग निकला। पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर भारत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर लहूलुहान हालत में मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मौके से खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने मामले में तत्पर कार्रवाई करते हुए आरोपी भाजयुमो नेता व उसके भाई को दबोचकर पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांर्गत मौहल्ला आजादनगर शमशान घाट रोड़ निवासी करीब 50 वर्षीय तोताराम राठौर पुत्र जागन लाल टुकटुक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ माह पूर्व एक दुर्घटना में उसका पैर जख्मी हो जाने के कारण वह घर में ही रह रहा था। उसका बड़ा पुत्र दीपक राठौर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त है और मजदूरी कर पत्नी पूजा व दो छोटे बच्चों को पालता है। जबकि छोटा पुत्र 16 वर्षीय सुमित राठौर घर (शेष पृष्ठ सात पर)



## नहाते समय गंगा में डूबा दिल्ली का युवक

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया दिल्ली निवासी एक युवक लक्ष्मणझूला क्षेत्र में नहाते समय गंगा में डूब गया। एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटी है। युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय अरविंद कपूर पुत्र अविनाश कपूर निवासी नवीन शाहदरा, उत्तर पूर्वी दिल्ली अपने चार अन्य दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। शनिवार की सुबह चारों दोस्त लक्ष्मणझूला के पास बोम्बे घाट पर नहाने के लिए गए थे। इस बीच अरविंद कपूर नहाते समय तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। सूचना पाकर पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल और उसके आस पास क्षेत्र में युवक को तलाश रही है।



## डम्पर की टक्कर से पूर्व प्रधान की पुत्री की मौत, सहेली घायल

### भर्ती की तैयारी के लिए तड़के दौड़ने निकली थी युवतियां

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। तड़के दौड़ के लिए हाईवे पर निकली दो युवतियों को डम्पर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से पचपेड़ा के पूर्व प्रधान की पुत्री की मौत हो गई। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचपेड़ा भटटा के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह करनावल की 26 वर्षीय पुत्री मंजीत कौर बिडोरा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बलबंत सिंह की पुत्री 23 वर्षीय सुनीता कौर के साथ भर्ती की तैयारी कर रही थी। दोनों रोज की तरह तड़के घर से खटीमा नेशनल हाईवे पर दौड़ लगाने के लिए निकली थी। डियोढ़ी मोड़ के पास हाईवे होटल के सामने सितारगंज की ओर से आ रहें खनिज भरें डम्पर ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मंजीत कौर की मौके पर ही दर्दनाक (शेष पृष्ठ 7 पर)

### बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड डंपर

नानकमत्ता। थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध मिट्टी से भरे डम्पर बेलगाम चल रहें है। अधिकारियों के संज्ञान के बावजूद भी अवैध डम्परों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिसका नतीजा तड़के ओवरलोड डम्पर से युवती की मौत के रूप में सामने आया है। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के ग्राम डियोढ़ी, खेमपुर , ठेरा , सुनखरी में रात भर डम्पर में ओवरलोड़ मिटटी का अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा है। खनन माफिया बैखोफ(शेष पृष्ठ सात पर)

## लूट के इरादे से बाईक सवार युवकों पर फायरिंग, एक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर सिडकुल ढाल के पास पहले से घात लगाकर बैठे कुछ बदमाशों ने लूट के इरादे से बाईक सवार दो युवकों पर फायरिंग कर दी। जिससे एक युवक गोली लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर बदमाशों ने उनका पीछा भी किया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर भारत सिंह ने चिकित्सालय जाकर घायल युवक का हालचाल जाना और उससे मामले की विस्तार से जानकारी ली। घायल के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी देखी। पुलिस ने फरार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हरपाल सिंह पुत्र मिहीलाल निवासी ग्राम मेघनागला कदीम थाना शहजादप्नगर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश ने बताया कि उसका पुत्र जीतेन्द्र कुमार रुद्रपुर में रहकर सिडकुल स्थित फैक्ट्री में मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता है। 31मई को रात लगभग 11.30 बजे वह अपने गाँव के ही साथी पुष्पेन्द्र यादव के ट्रांसपोर्ट से अपने घर की तरफ मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22 एक्स 8319 से जा रहा था । उसके साथ में प्रियांशु गंगवार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी मोहम्मद नगर खुटिया तहसील मिलक जिला रामपुर भी था। तभी हनुमान धाम स्थित ढाल पर कुछ लड़के बीच रस्ते में खड़े थे और उन्होंने लूट के इरादे से जीतेन्द्र और प्रियांशु गंगवार को रोकने की कोशिश की। साथ ही गाली गलोच शुरू कर दी। बीच बचाव करते हुए उक्त लड़कों ने जीतेन्द्र पर तमंचे से फायर कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरी की बैट्रियों सहित शातिर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनो टुक टुक से चार बेट्रीयां चुराने वाले शातिर चोर को पुलिस ने बेट्रीयों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार टुक टुक संख्या यूके 06 ई आर 0145 से 04 बैटरियो को पलास व कटर से तार काटकर चोरी कर लिया गया था। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर करतारपुर रोड से आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम आनन्दीपुर थाना देवरनिया जिला बरेली को ई रिक्शा यूके 06ईआर -0145 मे रखी चोरी की 04 बैटरियो सहित गिरफ्तार किया गया तथा (शेष पृष्ठ सात पर)



# डीएम और एसएसपी ने लिया मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)उद संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना की व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, अधिकारियों के साथ बगवाड़ा मंडी पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण उपरांत बैठक लेते हुए बैरिकेडिंग, टैन्ट, पेयजल, खानपान ,विद्युत, इंटरनेट, पार्किंग एवं सफाई आदि सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा इसलिए मतगणना एजेन्ट व कार्मिक अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आयें या प्रवेश करने से पहले जमा कराना होगा। प्रथम एंट्री के पास मोबाइल जमा काउंटर बनाये जायें। उन्होने कहा कि मतगणना केन्द्र में केवल तैनात किये गये एजेन्ट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे, दोनों की एंट्री अलग-अलग मार्ग से कराने हेतु बैरिकेडिंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी व वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी । उन्होंने कहा मतगणना स्थल बगवाडा मंडी में मतगणना संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था भी करने के निर्देश पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने नोडल खानपान व पेयजल को मतगणना स्थल पर पर्याप्त पेयजल व्यवस्था हेतु केम्पर व टैंकर



लगाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने नोडल खानपान को सभी कार्मिकों के लिए शुद्ध ताजा खानपान की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 04 जून को प्रात: 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर में मतगणना की जायेगी तथा 40 टेबल में ईटीपीबीएस की स्केनिंग होगी तथा 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जायेगी। इसलिए सभी विधानसभावार मतगणना स्थलों की सभी व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रात: 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होंगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी, इसलिए सभी प्रत्याशी ऐजेन्ट प्रात: 6:00 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जायेंगे यह सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लगाई गयी हैं, साथ ही परिसर व बाहर भी पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विवेक राय, सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एआरओ मनीष बिष्ट, नोडल खानपान श्याम आर्य, नोडल विद्युत विजय सकारिया, लॉजिस्टिक भूपेन्द्र सिंह रावत, एआरटीओ निखिल शर्मा, डीईएसटीओ नफील जमील, डीआईओ एनआइसी लक्ष्मी चौहान, सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

खटीमा (उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाली कॉलोनी, शीतला माता मंदिर, मेला घाट रोड आदि स्थानों पर पौधारोपण किया। भाजपा प्रदेश स्थिति को देखते हुए विश्व भर में पौध रोपण कार्यक्रम चलाया जाने चाहिए ताकि परिस्थिति तंत्र नियंत्रित रहे एवं मौसम में आने वाले बदलावों को रोका है और यह कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वृक्षारोपण कार्यक्रम करेंगे एवं लोगों को पेड़ लगाने पार्टी के जिला महामंत्री सतीश गोयल, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, युवा नेता करण यादव, विवेक गुप्ता, हरीश चुफाल, दीपक सामंत,





कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी एवं नगर महामंत्री मनोज वाधवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने इस अवसर पर कहा कि मौजूदा समय में ग्लोबल वार्मिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि अपने-अपने स्तर से अपने आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण कर पेड़ पौधे लगाकर धरती के बढ़ते हुए तापमान को रोकने का प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज से वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू किया के लिए जागरूक करेंगे नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा कि प्रत्येक वह प्रयास जिसमें समाज के हित छुपे हो भारतीय जनता पार्टी ऐसी सभी कार्यों में अपना योगदान देती रहेगी भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य सेवा ही परम धर्म को लेकर पार्टी कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर भारतीय जनता मनोज चुफाल, कौशल कश्यप, दीपक सोनकर, अखिल विश्वास, मेहताब राजा, नोशी विश्वास, शशि गाइन, गोपाल विश्वास, कंचन बाई, राहुल कुमार, सचिन सोनकर, कमल सोनकर, विजय प्रधान, रजनीकांत विश्वास, दीपक गुप्ता, सगीर अंसारी, शाबुदीन अहमद आदि लोग मौजूद थे।

# पर्यटकों के लिए खुली फूलों की घाटी

जोशीमठ (उद संवाददाता)।विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी शनिवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। सुबह आठ बजे से पर्यटकों को घाटी के लिए भेजना शुरू कर दिया गया था। फूलों की घाटी हर साल एक जून को पर्यटकों के लिए खोल दी जाती है। घाटी में पर्यटकों को भेजने के लिए नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की ओर से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ बीबी मार्तोलिया भी यात्रा के मुख्य पड़ाव घांघरिया पहुंचे। यहां से फूलों की घाटी के लिए तीन किमी का ट्रैक है। डीएफओ ने बताया,



घाटी में जाने वाले ट्रैक को सुधार दिया गया है। बताया, घाटी में कई प्रजाति के फूल भी खिलने लग गए हैं। घांघरिया से शनिवार सुबह आठ बजे पर्यटकों के पहले दल को भेजा गया। पिछले साल घाटी में 13,161 पर्यटक पहुंचे थे। इस साल चारधाम यात्रा को देखते हुए पार्क प्रशासन को उम्मीद है कि पर्यटक यहां भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। फूलों की घाटी उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित है। यहां पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था नहीं है। पर्यटकों को उसी दिन वापस घांघरिया लौटना होता है। घांघरिया से पर्यटकों को घाटी में सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक भेजा जाता है। शाम पांच बजे तक उन्हें वापस आना होता है। भारत के निवासियों के लिए 200 रुपये प्रति व्यक्ति और विदेशी पर्यटकों के लिए 800 प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित कियाहै।

# ब्रेक फेल होने से एम्बुलेंस पलटी

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)।मुनस्यारी के पास मदकोट भगुना में 108 एंबुलेंस ब्रेक फेल होने के कारण सड़क पर पलट गई। एंबुलेंस भटकुड़ा से एक मरीज को लेकर मुनस्यारी की ओर जा रही थी। मदकोट भगूना में चालक को एंबुलेंस का



ब्रेक फेल होने का पता चलने पर चालक ने एंबुलेंस को पहाड़ी की तरफ सुरक्षित जगह पर मोड़ दिया और गाड़ी सड़क में पलट गई। एंबुलेंस में चालक को मिलाकर पांच लोग सवार थे। सभी को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

# जैन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से हुआ समर कैम्प का समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गर्मियों की छुट्टियों में छात्रों के समय का सदुपयोग करने के एवं छात्रों में विभिन्न कौशल एवं प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। 10 दिवसीय समर कैंप में विभिन्न एक्टिविटी के माध्यम से जैसै आर्ट एंड क्राफ्ट,पॉटरी,फायरलेस कुकिंग, गार्डनिंग, स्पोर्ट्स एक्टिविटी, योग, कराटे, जुंबा डांस, म्यूजिक आदि गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में कौशल और क्षमताओं को विकसित कर उनमें सामाजिक सहयोग, टीमवर्क एवं नेतृत्व करने की क्षमता को





विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया। समापन के अवसर पर छात्रों ने सीखे गए विभिन्न कौशल एवं एक्टिविटी को मंच पर प्रदर्शित कर अपनी क्षमताओं कापरिचय दिया। समापन पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती नेहा जैन एवं प्रधानाचार्य दीपक गुप्ता ने विभिन्न एक्टिविटी एवं प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार जीत की भावना को त्याग कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही आवश्यक है।

# पूर्व पार्षद गौरी के प्रयास से हुए अभूतपूर्व विकास कार्य

## सिडकुल की रॉकेट कंपनी ने लाखों की कीमत से वार्ड को किया रोशन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। यदि जनप्रतिनिधि में काम करने का जज्बा हो तो सैकड़ो हाथ मदद के लिए उठ जाते हैं। ऐसा ही कुछ वार्ड नंबर एक के पूर्व पार्षद



और पूर्व प्रधान सुरेश गोरी ने सार्थक कर दिया है। उनके प्रयासों से सिडकुल की एक कंपनी ने वार्ड नंबर एक में जगह जगह इस प्रकार से अपना सहयोग दिया है कि जो काबिले तारीफ है।भाजपा नेता सुरेश गोरी ने बताया कि उन्होंने अपने वार्ड के उत्थान के लिए सिडकुल स्थित रॉकेट कंपनी से संपर्क किया। जिसके तहत कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर प्रदीप सक्सेना और एचआर मानवेंद्र सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस वार्ड के उत्थान और विकास के लिए हर संभव सहायता करेंगे। गौरी बताया कि इसके




पश्चात कंपनी की ओर से शिमला बहादुर फूलसुंगी और फूलसुंगा में पानी के प्याऊ लगाए गए। जिनकी कीमत लाखों में है। आज इस भीषण गर्मी में पूरे क्षेत्र के हजारों लोग राहत महसूस कर रहे हैं। साथ ही इस कंपनी ने एक स्थान पर सामुदायिक केंद्र खोला। जिसकी लागत लगभग 7 लाख रुपए है। इस सामुदायिक केंद्र में आज हर छोटे और बड़े आयोजन किए जाते हैं। वहीं गौरी के प्रयासों से रॉकेट कंपनी ने ट्रांजिट कैंप स्थित एक सरकारी राजकीय विद्यालय को गोद लिया। जहां उन्होंने लगभग 20 से 25 सौर ऊर्जा के सेंटर लगाए और दो कक्षाएं भी स्थापित की। कंपनी का मानना है कि वह विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को कंपनी की तरफ से सहयोग देंगे। रॉकेट कंपनी की ओर से वार्ड नंबर एक में अलग अलग स्थान पर 10 बड़े कूड़ेदान लगाए गए ताकि प्रत्येक नागरिक इसका प्रयोग करें और सड़कों पर गंदगी ना फैले। गौरी ने बताया कि फुलसुंगी में हाईटेक शौचालय भी स्थापित कर दिया गया है ताकि आम जनमानस को असुविधा का सामना न करना पड़े। गौरी ने बताया कि कोरोना कल में रॉकेट कंपनी की ओर से कई दिनों तक राशन का वितरण किया गया था जिससे हजारों लोगों को इसका लाभ मिला था। साथ ही पर्यावरण दिवस पर भी रॉकेट कंपनी की ओर से पर्यावरण की रक्षा के लिए 100 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से उनके आग्रह पर सिडकुल स्थित रॉकेट कंपनी ने जनमानस की भावनाओं का ख्याल रखते हुए उन्हें राहत पहुंचाई है वह आगे भी जारी रहेगी।

# दस दिवसीय कंप्यूटर कोर्स प्रारंभ

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में दस दिवसीय बेसिक कम्प्यूटर कोर्स का आज प्रारंभ हो गया। कोर्स में 28 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम की शुरुआत में एड ऑन कोर्स के संयोजक डॉ नरेश कुमार ने दस दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर संचालन, सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन और इंटरनेट उपयोग की मूलभूत समझ प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय के 22 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं।कार्यक्रम संयोजक डॉ.



नरेश कुमार ने कहा कम्प्यूटर कोर्स छात्रों की डिजिटल साक्षरता बढ़ाने और उन्हें कम्प्यूटर से परिचय, इंटरनेट की बुनियादी जानकारी, कम्प्यूटर प्रोग्राम एवं वेब डिजाइनिंग के बारे में सिखाया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रकाश चंद भट्ट ने कहा कि कम्प्यूटर का बेसिक कोर्स एक रोजगार परक पाठ्यक्रम है जो विद्यार्थियों को डिजिटल कौशल में सक्षम बनाने में सहायक रहेगा, जो विद्यार्थियों को डिजिटल होते समाज में सफलता के लिए तैयार करेगा। कार्यक्रम में डॉ. उमराव सिंह, डॉ. हर्षिता तिवारी, डॉ. किरन बाला, शुभम गंगवार, लवली पाण्डे एवं आनंद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रोशनी, शास्वती, पायल, समीर, प्रभा, कोमल, शिवानी, प्रिया मौजूदथे।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
कुंडली
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# सरकारी अस्पताल की महिला चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रामनगर( उद संवाददाता)। रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय की एक महिला चिकित्सक के खिलाफ जांच के उपरांत कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला खताड़ी निवासी रिजवान के डेढ़ वर्ष के पुत्र अब्दुल कादिर का स्वास्थ्य पिछले वर्ष 16 सितंबर को खराब हो गया था इसके बाद रिजवान अपने पुत्र को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल ले गया था उसका आरोप है कि उसके पुत्र की हालत ज्यादा खराब थी लेकिन चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सकों द्वारा उसे बच्चों का आधार कार्ड व अन्य प्रपत्र लाने के बाद ही इलाज करने की बात कही गई। उसका आरोप है कि उसने चिकित्सकों से कहा कि आप मेरे पुत्र का इलाज शुरू कर दो मैं जो कागज आप कहोगे ला रहा हूं लेकिन इसी बीच कुछ देर बाद उसके पुत्र की मौत हो गई रिजवान का आरोप है कि इस बीच उसके साथ अभद्रता भी की गई तथा उपचार में लापरवाही की गई जिसको लेकर उसने चिकित्सालय की महिला चिकित्सक डॉ पूजा बिष्ट पर अपने पुत्र के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी थी मामले में शुक्रवार को कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल को पत्र भेजा गया था जिसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सकों की एक जांच कमेटी बनाई गई थी जिसके द्वारा इस प्रकरण की पूरी जांच के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप गई कोतवाल ने बताया कि जांच रिपोर्ट में चिकित्सक की लापरवाही सामने आने के बाद कोतवाली में महिला चिकित्सक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज कियाहै।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार.निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# हरि चैतन्य महाप्रभु का शोभा यात्रा के साथ स्वागत



गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के यहाँ पधारने पर ग्राम वासियों, क्षेत्र वासियों व दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया। बैंड, ढोल के साथ हरिबोल की धुन पर नाचते ,गाते हुए शोभायात्रा श्री हरि कृपा धाम आश्रम तक निकाली गई। जगह-जगह हरि भक्तों ने श्री महाराज जी का व शोभा यात्रा का स्वागत किया व प्रसाद वितरण किया। 9 जून से 12 जून तक आयोजित श्री हरि प्राकटयोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन परम पूज्य श्री महाराज जी के सानिध्य में एएन झा इंटर कॉलेज करनपुर में आयोजित होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक पियूषा कैलाश अनुज, टेकचंद, लहरी और गोविंद पहुंचेंगे। विश्व प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने के लिए वृंदावन से एक मंडली पहुंचेगी जो मयूर नृत्य, रास नृत्य, चरकुला नृत्य, डांडिया व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, अनेक पूर्व मुख्यमंत्री, अनेक केंद्रीय व प्रदेश के मंत्री, अनेक सांसद व विधायक, अनेक न्यायाधीश व अधिकारी पहुँचेंगे। देशभर के हर प्रांत से हजारों की संख्या में श्रद्धालु नित्य पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। आयोजन समिति ने सभी को सप्रेम आमंत्रित किया है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अनेक चौनलों के साथ-साथ श्री महाराज जी के यूट्यूब चौनल श्री हरि कृपा आश्रम पर सीधा प्रसारण होगा। इस अवसर पर उपस्थित हजारों भक्तों को संबोधित करते हुए कहा श्री महाराज जी ने कहा कि कि जन्म सार्थक उसी का है जिसका जीवन उत्थान की ओर हो पतन की ओर नहीं। परमात्मा एक है उनके नाम उपासना विभिन्न हो सकते हैं हम सभी उस एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय व हितैषी है। कर्म के साथ-साथ उसमें पूर्ण व दृढ़ विश्वास करो। प्रभु की कृपा निश्चय ही समस्त बंधनों, समस्त विपत्तियों व समस्त कठिनाइयों से उबार लेगी। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों, उपासना स्थलों, प्राकृतिक रमणीय स्थलों, हिमालय इत्यादि में शांति मिलती है लेकिन उस शांति को बरकरार रखना या ना रखना हमारे ऊपर निर्भर करता है। परमात्मा का स्मरण मात्र मुख से नहीं, साथ ही हृदय से यदि हो तो विशेष लाभदायक होता है। धर्म से, गुरु से या किसी संत से अथवा परमात्मा से यदि आप जुड़े हैं तो आपका और भी उत्तर दायित्व हो जाता है कि आपके खानपान,रहन सहन, बोलचाल, व्यवहार, आचरण व स्वभाव आदि से लगे कि आप धर्म,सतगुरु या परमात्मा से जुड़े हो।

# फौजी के घर से सोने के जेवर और नगदी चोरी

रूद्रपुर । अज्ञात चोरों ने देश की सीमा पर तैनात फौजी के घर से जेवर व नगदी चोरी कर ले गए। मामले की जा करी देते हुए पुष्कर राम पुत्र धौलिया राम निवासी डिवाईन पार्क भूरारानी ने बताया कि उसके सगे भाई नवीन का मकान जो कि भूरारानी



डिवाईन पार्क में उसके मकान के बगल में स्थित है। भाई 37वी वाहिनी लेह भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में हवलदार पर तैनात है। उसने बताया कि 30 मई को रात्रि लगभग 2:30 बजे कुछ अज्ञात चोर उसके भाई के घर में छत कूदकर घुस गयें और घर में रखा सामान चोरी करके ले गयें। जो सामान चोरी हुआ उनमें एक जोड़ी सोने के कुन्डल, 4 घड़े ताबे के तथा नगदी लगभग 1 से 2 हजार रूपयें शामिल हैं।

# कोर्ट के बाहर गुप्ता और उसके बहनोई पर फैंकी स्याही



देहरादून (उद संवाददाता)। कोर्ट परिसर के बाहर अजय गुप्ता और उसके बहनोई पर स्याही फेंकी गई। सूरज सेवा दल के नेता रमेश जोशी व कार्यकर्ताओं ने इस दौरान यहां जमकर हंगामा किया। पुलिस गुप्ता को पेशी के लिए लाई थी। बिल्डर बाबा साहनी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी अजय गुप्ता व उसके बहनोई अनिल गुप्ता की जमानत न्यायालय ने नामंजूर कर दिया था। दोनों की जमानत अर्जी पर बचाव और अभियोजन पक्ष में जोरदार बहस हुई थी। इस दौरान बचाव पक्ष के तर्कों को खारिज करते हुए न्यायालय ने जमानत देने से इन्कार कर दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि अजय गुप्ता बीमार हैं लेकिन जेल में उन्हें मेडिकल सुविधा नहीं दी जा रही है। इस पर न्यायालय ने जेल प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। बता दें बाबा साहनी ने रिहायशी बिल्डिंग के आठवें फ्लोर से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। साहनी के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर अजय गुप्ता और उसके बहनोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। आरोप था कि रिहायशी प्रोजेक्ट बनाने में जो गुप्ता ने हिस्सेदारी की थी अब उसके बदले वह पूरा प्रोजेक्ट ही अपने नाम कराना चाहता था। ऐसे में दबाव में आकर साहनी ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने गुप्ता और उसके बहनोई को अदालत में पेश किया, जिन्हें अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। शनिवार को कोर्ट में गुप्ता और उसके बहनोई की पेशी थी। जब उन्हें कोर्ट लाया जा रहा था तभी वहां कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए अजय गुप्ता और उसके बहनोई पर स्याही फैंक दी। इससे वहां अफरा तफरी मच गयी।

# हजरत दादा मियां के उर्स में उमड़े जायरीन

## बदायूं के आरिफ कब्बाल ने पेश किए कलाम

सितारगंज (उद संवाददाता)। नकुलिया से सटे थारुतिसौर शुक्लाफार्म में हजरत सैयद मेराज अली शाह रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स में शुक्लाफॉर्म में प्राचीन गुरुद्वारा साहिब से भी उर्स में पहचे लोगों के लिए लंगर, रोटी वितरित की गई थी। शुक्रवार की सुबह 10:00 बजे कुल शरीफ के बाद क्षेत्रों से जायरीन काफी संख्या में चादरपोशी के लिए आए थे। दरगाह शरीफ में शुक्रवार की सुबह चोमेला फार्म मस्जिद के इमाम, नकुलिया



गुरुवार की शाम तस्लीम आरिफ जोड़ी में शामिल रहे मशहूर कव्वाल आरिफ खान, पंजाब के कव्वाल प्रकाश पार्टी ने पंजाबी भाषा में कव्वाली पेश की। रात करीब तीन बजे तक जायरीन कलाम सुनते रहे। उर्स में जायरीनों के लिए दाल, रोटी, मीठा शरबत, जलेबी चावल के लंगर का बंदोबस्त किया गया है। उर्स का समापन हो गया। मजार के मुख्य सेवादार काले बाबा ने बताया कि थारूतिसौर शुक्ला फॉर्म में हजरत दादा मियां का उर्स बुधवार 29 मई से शुरू हुआ था। जिसमें गुरुवार की शाम टी-सीरीज के मशहूर कव्वाल आरिफ खान पहुंचे थे। उर्स में पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य मस्जिद के इमाम, तुर्कातिसौर मस्जिद के इमामों ने कुल शरीफ में मिलाद ए पाक, दुरूद फातिहा पढ़ी। पंजाब के कव्वालों ने बाबा की शान में कलाम पेश किए। हजरत दादा मियां की दरगाह में सभी धर्म के लोग आस्था रखते हैं। सभी धर्म के लोगों ने मिलजुल कर सालाना उर्स में सहयोग प्रदान किया था।

# महिला को कार में अगवा कर किया दुष्कर्म

हरिद्वार (उद संवाददाता)।मंगलौर में पति के साथ अस्पताल गई विवाहिता का कार में अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। मंगलौर के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने मंगलौर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार की देर रात अपने पति के साथ मंगलौर रुड़की हाईवे पर सेवंथ डे स्कूल के सामने स्थित एक अस्पताल में गई थी। जब उसका पति उसे अस्पताल के बाहर कार से उतारकर अपनी कार को पार्क करने के लिए गया। तभी उसके पास एक अन्य कार आकर रुकी और उसमें सवार दो युवकों ने जबरदस्ती उसे अपनी कार में डाल लिया। आरोपित उसे झबरेड़ा की ओर जंगल में ले गए। रास्ते में वह विरोध करती रही। कई बार खिड़की का दरवाजा पीटा लेकिन आरोपितों ने उसको धमकाकर चुप कर दिया। इसके बाद आरोपितों ने उसे आंतकित करते हुए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान बातचीत में एक युवक दूसरे युवक को खुशहाल कहकर संबोधित कर रहा था। दुष्कर्म करने के बाद दोनों उसे वहीं पर छोड़कर भाग गए। किसी तरह से वह झबरेड़ा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची और वहां मौजूद लोगों को अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद ग्रामीण उसे लेकर झबरेड़ा थाने गए जहां पर पुलिसकर्मियों ने उसके पति का नंबर लेकर उसे फोन करके थाने पर बुलाया। उसके बाद वह अपने पति के साथ मंगलौर कोतवाली पहुंची पुलिस ने खुशहाल और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अपराध पंकज गैरोला भी मौके पर पहुंचे और महिला से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज आदि को खंगाला जा रहा है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। गाड़ी का नंबर तलाश किया जा रहा है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामी श्री विष्णु आश्रम साधक सेवा संस्थान, बिहार घाट, पोस्ट-राजघाट, जिला-बुलन्दशहर की पंजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पत्रावली संख्या-[illegible]-एम दिनांक 13.06.2019 को किया गया। [illegible] समिति की सूची वर्ष 2024-25 [illegible]
डिप्टी रजिस्ट्रार
फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मेरठ मण्डल, मेरठ।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
05944-246817

# रुद्रपुर मे जल्द होगा केंद्रीय विद्यालय व सरकारी इंटर कॉलेज निर्माण :शिव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि विधायक बने दो वर्ष का कार्य काल हुआ है, उनका प्रयास रहा कि रुद्रपुर मे शिक्षा का स्तर बेहतर हो उसके लिये उनके द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व केन्द्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट को आग्रह किया था कि रुद्रपुर मे एक केंद्रीय विद्यालय होना चाहिए जिसका लिखित प्रस्ताव विधायक द्वारा दिया गया था, वह प्रस्ताव स्वीकृत हो गया है मगर शिक्षा विभाग द्वारा यह कह कर प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया कि रुद्रपुर क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय हेतु जमीन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने स्वयं इसमें रुचि दिखाते हुए एन झा इंटर कॉलेज मे 5 एकड़ भूमि को चिन्हित कराया, इसमें आपत्ति अनापत्ति की प्रक्रिया पूर्ण होकर जिलाधिकारी के माध्यम से 21 मई 2024 को सचिव शिक्षा माध्यमिक को उक्त 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण करने हेतु पत्राचार किया गया और यह बड़ा हर्ष का विषय है उसके तुरंत बाद जमीन केंद्रीय विद्यालय के नाम हस्तांतरित होते ही रुद्रपुर में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण को हरी झंडी मिल जाएगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा आजादी के बाद से रुद्रपुर क्षेत्र मे सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण नहीं हुआ सिवाए एन झा इंटर कॉलेज व बालिकाओं के लिये जी जी आई सी इंटर कॉलेज के अलवा कोई अन्य कॉलेज के निर्माण हेतु किसी जनप्रतिनिधि ने सुध नहीं ली तो उनके विधायक बनते ही उन्होंने केम्प, संजय नगर, खेड़ा, भदईपुरा कि आबादी को देखते हुए गंगापुर रोड स्थित शैलजा फार्म मे इंटर कॉलेज निर्माण का प्रस्ताव जिला शिक्षा विभाग को तैयार करने को कहा। वह प्रस्ताव वर्तमान में जिला अधि



कारी के माध्यम से शासन स्तर पर जा चुका है । विधायक ने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश पर उप जिला अधिकारी ने जमीन हस्तांतरण कि प्रकिया को आरम्भ कर दिया है जैसे ही जमीन हस्तांतरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल होगी क्योंकि शासन स्तर पर पहले यह प्रस्ताव पहुंच चुका है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भीषण गर्मी मे आये दिन रुद्रपुर क्षेत्र मे अग्निकाण्ड की घटनायें सामने आ रही है। घटना के समय फायर हाइड्रेड के रिफिल पांइट कम होने के चलते कई बार दूर दराज के क्षेत्रों मे आगनिश्मन विभाग की गाड़ियों को दुबारा चक्कर लगाने मे समय लगता है जिससे घटना स्थल पर नुकसान काफी हो जाता है। विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी का प्रकोप इतना अधिक है कि जगह जगह आग लगने की खबर आ रही है। वर्तमान मे 23 स्थानों पर हाइड्रेड पॉइंट कार्य कर रहे है 22 क्रियाशील नहीं है। उन्होंने जल संस्थान को निर्देशित किया है कि खराब पड़े हाइड्रेड पांइट को जल्द से जल्द रिपेयर करवाया कर उनको सुचारु करवाया जाये। साथ ही विधायक शिव अरोरा ने कहा कि फायर हाइड्रेड पांइट की संख्या दुगनी की जायेगी। इसके लिए विभाग को प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। विधायक ने कहा ट्रांजिस्ट कैम्प रम्पुरा घनी आबादी वाले क्षेत्र है जिसको देखते हुए उन क्षेत्रों के आस पास नए हाइड्रेड पांइट लगाए जायें। अग्निकाण्ड की घटना होने पर नजदीक मे रिफिल पांइट होने से आग पर काबू पाया जा सकेगा। विधायक ने कहा कि वर्तमान मे फायर विभाग के पास 7 गाड़ियां है जिसमे 4 शहरी क्षेत्र मे है 3 सिडकुल क्षेत्र के लिये कार्य कर रही है । गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है इसको लेकर वह स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता करेंगे। आधुनिक युग टेक्नोलॉजी का है जिसको देखते हुए हमारे अग्निशमन विभाग के कर्मियों के पास नए आधुनिक संसाधन होने चाहिए इसके लिये भी विभाग को प्रस्ताव बनाने को कहा गया है। विधायक ने हाल ही मे सीड प्लांट में लगी भीषण आग के समय फायर विभाग व विशेष रूप से महिला कर्मियों द्वारा जिस जबाजी से कार्य किया गया उसकी सराहना की, उन्होंने लोगो को शॉट सर्किट न हो उसके लिये अच्छी क्षमता वाली वायर फिटिंग व समय समय पर उनकी जांच कराने हेतु आग्रह किया जिससे आग की घटना से बचा जा सके।

# विधायक सुमित ने दिए बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने अपने आवास पर बिजली, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम सहित लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को गर्मी के मद्देनजर बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भयंकर गर्मी की वजह से लोग काफी परेशान है और उस पर बिजली पानी का संकट ष्जले में नमक पड़नेष जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि शहरवासियों द्वारा लगातार फोन और व्यक्तिगत मिलकर बिजली पानी की समस्या के बारे में बताया जा रहा है। विधायक सुमित ने बिजली पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ-साथ स्थानीय जनता से सीधा संवाद कायम करने की सलाह के साथ नगर क्षेत्र मे व्याप्त बिजली पानी की समस्याओं के स्थायी निदान हेतु कारगर योजनाओं पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय नगर वासियों को कभी बिजली पानी की समस्याओं का सामना नही करना पड़ता था। माताजी स्व. इंदिरा हृदयेश ने नगर वासियों को हमेशा बिजली पानी की समस्याओं से दूर रखा।बिजली पानी की समस्याओं से निजात के लिये विधायक सुमित हृदयेश ने स्पष्ट शब्दों में संबंधित अधिकारियों को समय सीमा देते हुए निर्देशित किया कि अगर समस्याओं का तवरित निदान नही हुआ तो जनता को



साथ लेकर उग्र जन आंदोलनकिया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महा नगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पूर्व पार्षद शकील सलमानी, पूर्व प्रधान नवीन पाण्डे, विधायक स्वास्थ्य प्रतिनिधि इशरत अली, युवा नेता प्रदीप नेगी, अमित रावत सहित लोक निर्माण विभाग से अशोक चौधरी,विद्युत विभाग से प्रदीप बिष्ट, सिचाई विभाग से बीसी नैनवाल, जल निगम से ललित गौड़, जल संस्थान से रवि शंकर लोशाली उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत

गदरपुर( उद संवाददाता)। मसीत सकैनिया मार्ग पर बरेली नगर सोलर प्लांट के निकट मसीत की ओर से आ रहे रेत से भरे ओवर लोड डंपर संख्या न यू के 06 सी बी 2632 ने एक स्कूटी सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और डंपर खड़ में जाकर पलट गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मसीत सकैनिया मसीत मार्ग पर बरेली नगर न 02 सोलर प्लांट के निकट मसीत की ओर



से आ रहे रेत से भरे एक ओवर लोड डंपर से एक स्कूटी सवार युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक की उम्र 22 बर्ष कमल सिंह पुत्र बलविंदर सिंह ग्राम बेलखेड़ा नहर मोतियापुरपुर का रहने वाला था और सकैनिया में लोहे की चौखट विंडो बनाने का कार्य किया करता था।शुक्रवार की शाम को सकैनिया काम से स्कूटी से अपने घर बेलखेड़ा नहर मोतियापुर लौट रहा था तभी बरेली नगर स्थित सोलर प्लांट के निकट मसीत की ओर से आ रहे रेत से भरे डंपर से टकरा गया जिसके चलते डंपर रोड किनारे गड्ढे में पलट गया वही डंपर से टकराकर 20 वर्षिय कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको मौके पर पहुची पुलिस व ग्रामीणों ने 108 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर पहुचाया जहा चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।कमल सिंह दो भाइयों में बड़ा था वही सूचना मिलने पर परिजनो का रो रोकर बुराहाल है।









# लिटिल किंगडम स्कूल में समर कैम्प की धूम

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। डी डी चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रिपेरटरी स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप आयोजित किया गया। समर कैंप की शुरुआत वरिष्ठ प्रशासिका श्रीमती परविंदर पुरी,प्रधानाचार्या श्रीमती चरणजीत कौर, उप- प्रधानाचार्या सिमरन पुरी व विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं आसमान में गुब्बारें छोड़कर किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। चार दिवसीय समर कैंप में छात्रों को स्विमिंग, क्राफ्ट, डांस, आर्ट, फन एक्टिविटी, कुकिंग विदाउट फायर, कराटे, इंडोर गेम्स, इंग्लिश कन्वर्सेशन पर्सनल ग्रूमिंग, रोबोटिक्स, पाटरी, एंब्रायडरी और क्रोषे आदि को शामिल किया गया है । स्कूल परिसर में आयोजित इस कैंप में बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया व मौज मस्ती व सम्पूर्ण आनन्द लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को पढ़ाई से हटकर नई चीजें सीखने का अनुभव मिला व नए मित्र भी बनाए गए।अंतिम दिवस के दिन छात्रों को वरिष्ठ प्रशासिका,प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्या, विद्यालय संचालक द्वाराछात्रों को धन्यवाद कार्ड,चॉकलेट, और सर्टिफिकेट दिए व सभीका आभार व्यक्त किया गया।





# आरएएन स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

रूद्रपुर।आरएएन स्कूल डिबडिबा और बिलासपुर दोनों शाखाओं का ग्रीष्म कालीन दस दिवसीय शिविर का समापन धूमधाम से किया गया। शिविर में बच्चों के लिए संगीत, नृत्य, क्रिकेट, ताइक्वांडो, योगा,आर्ट एंड क्राफ्ट व फायरलैस कुकिंग जैसी गतिविधियों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में भाग लेने वाले छात्रों केअभिभावकों को भी आर्मत्रित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए सभी छात्रों की प्रशंसा की द्य तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय की दोनों शाखाओं के द्वारा संगीत गायन, वादन व नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। अभिभावकों ने तालियाँ बजाकर उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की दोनों शाखाओं के द्वारा मार्शल आर्ट की प्रस्तुति भी दी गई। अंत में प्राइमरी विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।









# समर कैम्प के समापन बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिव- उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन डॉ0 डी0के0 सिंह , विशिष्ट अतिथि बॉक्सिंग कोच सी0के0 जोशी एवं क्वालिटी हेड- बजाज ऑटो लिमिटेड चिराग मेहता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रुचियों के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण उनके सर्वांगीर्ण विकास में सहायक होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबन्धन समिति का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके प्रयास एवं प्रेरणा से ही सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डी0के0 सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को एक बेहतर इंसान बनकर लोगों के दिलों में स्थान बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में शिक्षकों तथा अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विशिष्ट अतिथि चिराग मेहता ने कहा कि समर कैम्प की गतिविधियाँ विद्यार्थियों का आत्म विश्वास बढ़ाने में सहायता प्रदान करती हैं। सी0के0 जोशी ने विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ, तकनीकी ज्ञान तथा उच्चस्तरीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रयत्नशील है जिससे विद्यार्थियों को सर्वांगीर्ण विकास होता है। विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि बच्चों को वर्चुअल दुनियाँ से निकालकर वास्तविक दुनियाँ से परिचित कराना नितांत आवश्यक है। विद्यालय विद्यार्थियों की अभिरुचि एवं प्रतिभा के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के संसाधनों एवं प्रशिक्षकों की सुविधाएँ प्रदान करता है। इस कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ-साथ उनका शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास करना है। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव एवं विचार दर्शकों के समक्ष रखे। इस अवसर पर पेंटिंग्स, आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें समर कैम्प के दौरान बनाई गई कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। अभिभावकों ने इस प्रदर्शनी की सराहना की। इस कैम्प में विद्यार्थियों के रचनात्मक विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए अनेक गतिविधियों को आयोजन किया गया था। जिसमें, शास्त्रीय नृत्य एवं पाश्चात्य नृत्य, संगीत, गायन-वादन, जुम्बा-एरोबिक्स, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, तैराकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल मेकओवर एण्ड ग्रूमिंग, रोबोटिक्स तथा एयरो मॉडलिंग सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक विषय में विद्यार्थी ने अपनी रुचि के अनुसार सहभागिता की। विभिन्न कार्य-कलापों हेतु सम्बन्धित क्षेत्रों के कुशल एवं ख्यातिप्राप्त प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई थी। तैराकी के लिए बालकों को सिटी क्लब तथा रेडिसन होटल के कोच ने बालिकाओं को प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने योग, जुम्बा-एरोबिक्स, कथक, स्केटिंग, रैम्पवॉक, नृत्य एवं संगीत आदि का प्रदर्शन किया तथा विभिन्न गतिविधियों से सम्बन्धित अपने अनुभव साझा किये। निदेशक सुधांशु पन्त ने मुख्य अतिथि, आगंतुकों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समर कैम्प में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों की चहुँमुखी प्रतिभा का विकास होता है। वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों का अतिरिक्त ज्ञान विद्यार्थियों के लिए नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों एवं प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र बांटे गए।





## भारत विकास परिषद के बलदेव और राजीव बने उपाध्यक्ष

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद की बैठक अध्यक्ष रविन्द्र बजाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमे कार्यकारिणी के विस्तार तथा 2 जून को रूद्रपुर में होने वाली प्रांतीय कार्यशाला में भाग लेने के सम्बन्ध में विचार विमर्श हुआ।बैठक में कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए बलदेव छाबड़ा बँटी तथा राजीव ग्रोवर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।इसके अतिरिक्त पारस धवन को उपसचिव के पद पर मनोनीत किया गया।नव नियुक्त पदाधिकारियों को रामनामी पटका पहनाकर स्वागत किया गया।अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने कार्यकारिणी में घोषित होने वाले पदाधिकारियों को बधाई देते हुए रूद्रपुर में 2 श्रनदम को होने वाली कार्यशाला में भाग लेने का आग्रह भी किया।इस अवसर पर सचिव प्रमोद बजाज,कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा, महिला संयोजिका ज्योति ग्रोवर,अशोक भुड्डी,किशोर तेजवानी आदि उपस्थित थे।



## एआरटीओ ने देखी पहाड़ों को जाने वाली बसों की व्यवस्था

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्यटन सीजन के दृष्टिगत बसों की कमी होने के समाचार प्राप्त होने पर सम्भागीय परिवहन अधिकारी के निर्देश पर एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वारा केएमओयू एवं रोडवेज स्टेशन में पर्वतीय मार्गों को जाने वाली बसों की जानकारी प्राप्त की गयी। जिसमें केएमओयू द्वारा बताया गया कि बड़ी संख्या में यात्रियों के दृष्टिगत अतिरिक्त बसें लगायी जा रही हैं। प्रातः 11:30 बजे तक केएमओयू की विभिन्न मार्गों पर 68 बसें प्रस्थान कर चुकी थी। जबकि 19 बसें रोडवेज की पर्वतीय मार्गों हेतु प्रस्थान कर चुकी थी। कैंची धाम हेतु बड़ी संख्या यात्रियों के आने के कारण 15 बसें कैंची धाम हेतु प्रेषित की गयी। रोडवेज द्वारा भी अतिरिक्त संख्या में नैनीताल एवं अन्य पर्वतीय क्षेत्रों हेतु अपनी सेवाओं को चलाया जा रहा है। एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वारा सभी पर्वतीय मार्गों पर पर्याप्त संख्या बस चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि आमजन को किसी प्रकार यात्रा में कठिनाई न हो। उल्लेखनीय है कि पर्यटन सीजन के दौरान चारधाम यात्रा में कुमाऊं से भी यात्री वाहन प्रतिवर्ष हरिद्वार एवं ऋषिकेश में जाते हैं, यद्यपि उसी दौरान कुमाऊं में भी पर्यटन सीजन चरम पर है।



## वीकेंड के लिए एसपी ट्रैफिक ने निर्धारित की यातायात व्यवस्था

हल्द्वानी।हरबंस सिंह पुलिस अधीक्षक अपराध यातायात द्वारा वीकेंड के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था निर्धारित की गयी।गोष्ठी में सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, एसडीएम हल्द्वानी, सीओ सिटी हल्द्वानी, आरटीओ प्रवर्तन हल्द्वानी, निरीक्षक यातायात हल्द्वानी, प्रभारी निरीक्षक हल्द्वानी,थानाध्यक्ष काठगोदाम व प्रभारी सीपीयू हल्द्वानी सम्मलित हुए। एक व दो जून को वीकेंड के अवसर पर श्रद्धालुओं पर्यटकों की सुविधा हेतु सुगम यातायात व्यवस्था बनाये जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में सम्मिलित अधिकारीगणों की आपसी सहमति से कैंचीधाम जाने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों की सुविधा हेतु शटल सेवा चलाये जाने पर सहमति बनी। जहाँ से शटल सेवा के माध्यम से कैची धाम पहुँच सकते है। बस शटल सेवा रेलवे स्टेशन हल्द्वानी कैची धाम तक, टैक्सी व बस शटल नैनी बैंड प्रथम से कैचीधाम तक, सैनेटोरियम से कैचीधाम तक, टैक्सी शटल नगर पालिका ग्राउण्ड से कैचीधाम तक,टैक्सी व बस शटल खैरना से कैंचीधाम तक। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रद्धालु पर्यटक अपने प्राईवेट वाहन से भवाली की तरफ से कैंचीधाम व खैरना की तरफ से कैचीधाम की ओर नहीं आ पायेगा।वीकेंड के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 10 बजे से रात्रि 22 बजे तक पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा।यातायात का दबाव अधिक रहने पर आवश्यकता अनुसार समय बढ़ाया जा सकता है। यह प्लान 1 तथा 2 जून के लिए लागू रहेगा।



## ट्रेन की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

गूलरभोज। मां के पीछे जा रही तीन साल की मासूम बच्ची ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। सिर पर चोट लगने पर उसने मां के सामने ही दम तोड़ दिया। परिजन बिना कोई कार्रवाई किए बच्ची का शव को घर ले गए। आंखों के सामने बेटी की मौत से महिला बेसुध है। ग्राम कोपा सिंगला निवासी नागेंद्र की पत्नी संजू रजाई सिलने का काम करती है। शुक्रवार को वह घर से रेलवे लाइन पार कर ठेकेदार को रजाई देने के लिए निकली थी। मां के पीछे उसकी तीन साल की बेटी सृष्टि भी आने लगी। इसी बीच अचानक रामनगर ऐशबाग स्पेशल ट्रेन 05043 आ गई। ट्रेन को आता देख संजू ने सृष्टि को रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक सृष्टि ट्रेन से टकराकर दूर छिटक गई। सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी।स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि उनके पास किसी भी ट्रेन चालक या रेल पथ की ओर से कोई मेमो नहीं आया है।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### बेरोजगारी की बढ़ती दर

हाल ही में एक डाटा सामने आया है कि मोदी सरकार ने अपने 10 साला कार्यकाल के दौरान 51.40 करोड़ रोजगार मुहैया कराए हैं। इसमें सरकारी नौकरियां, स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में नौकरियां और दिहाड़ीदार रोजगार आदि शामिल हैं। डाटा के अर्थ हैं कि हर साल औसतन 5.14 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए गए। यह भी दावा है कि 43 करोड़ से अधिक लोगों को मुद्रा लोन दिए गए। जाहिर है कि वे भी रोजगार का एक हिस्सा हैं। सरकार की 12 परियोजनाओं के तहत 19.79 करोड़ रोजगार दिए गए। यदि यूपीए सरकार मनरेगा दिहाड़ी को रोजगार मानती थी, तो मोदी सरकार के दौरान ऐसे अवसरों को 'रोजगार' क्यों नहीं माना जा सकता। करीब 180 देशों में रोजगार का यही प्रारूप लागू है। यह भी दावा किया गया कि रोजगार की 3.35 फीसदी सालाना बढ़ोतरी दर दर्ज की गई है। इन दावों के विपरीत देश में बेरोजगारी का संकट बदतर होता जा रहा है। सरकारी आंकड़ा 6.7 फीसदी का बताया जा रहा है, लेकिन निजी सर्वेक्षण कंपनियों के निष्कर्ष हैं कि देश भर में, सभी धर्मों, समुदायों, जातियों, जमातों में बेरोजगारी का औसत 2023-24 के दौरान 8.03 फीसदी रहा है। रोजगार का यही औसत 37.18 रहा है। बहरहाल आम चुनाव के 6 चरणों में केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र जैसे सम्पन्न राज्यों से लेकर बिहार, ओडिशा, राजस्थान सरीखे अपेक्षाकृत गरीब राज्यों तक बेरोजगारी सबसे बड़ी गूंज रही है। मतदाता, रिपोर्टर, चुनाव विश्लेषक, जनमत सर्वेक्षणों और पार्टी कार्यकर्ताओं आदि ने यह मुद्दा महसूस किया और उठाया है। सीएसडीएस-लोकनीति के सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष सामने आया है कि 29 फीसदी से अधिक लोग बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा और संकट मानते हैं, लेकिन चुनाव इस मुद्दे पर नहीं लड़ा जा रहा, लिहाजा वे क्षुब्ध हैं। बेरोजगारी की यह निराशाजनक स्थिति कोई आश्चर्य नहीं है, क्योंकि भारत के युवा बेरोजगारी की समस्या लगातार झेलते रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद यह समस्या बढ़ी और बदतर हुई है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के ताजा डाटा के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में बेरोजगारी दर, 15-29 आयु वर्ग में, 17 फीसदी रही है। सरकारी डाटा से यह करीब तीन गुना ज्यादा है। इस आयु-वर्ग में दहाई में बेरोजगारी का संकट पिछले कई सालों से गहराता जा रहा है। दरअसल अवैतनिक काम बढ़ रहा है, गैर-श्वेत कॉलर के काम (हुनरमंद श्रम) घट रहे हैं, स्वरोजगार एक अंतिम विकल्प है, उसमें भी कम आय वर्ग वालों को घाटा ही हो रहा है। असल दिहाड़ी भी मिलना मुश्किल है। यह स्थिति तब है, जब औसतन 50 लाख लोग सालाना कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। भारत की औसतन रोजगार दर, बीते आठ सालों के दौरान, 5.6 फीसदी गिरी है। श्रम बल भागीदारी दर के मद्देनजर देखें, तो सवर्णों में हिंदुओं की भागीदारी दर सबसे कम है। ओबीसी और अनुसूचित जातियों, जो दो सबसे बड़ी कामकाजी उम्र की आबादी हैं, उनमें सबसे तेज गिरावट देखी गई है। बेरोजगारी के कई बुनियादी कारण हैं। सबसे बड़ा कारण तो यही है कि सरकारी नौकरियां बेहद सीमित हैं। वे मायावी-सी हैं, दुष्प्राप्य हैं, 144 करोड़ के देश के हरेक पात्र नागरिक को सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती। नौकरियों के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, तो पहले ही पेपर लीक हो जाते हैं। उसका माफिया भी देश में सक्रिय है। देश में निजी शैक्षणिक संस्थान, कॉलेज, विश्वविद्यालय कुकुरमुत्तों की तरह फैल गए हैं। यह भी एक विस्फोटक स्थिति है।

# समाज का दर्पण हैं पत्रकार : ममता राकेश

## देवभूमि पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई ने मनाया पत्रकारिता दिवस

हरिद्वार (उद संवाददाता)।उत्तराखंड के पत्रकारों के हितों के प्रति समर्पित संगठन देवभूमि पत्रकार यूनियन हरिद्वार इकाई की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारिता दिवस एवम अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, आदि पत्रकार महर्षि नारद एवं पत्रकारों के प्रेरणा स्रोत गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवम पुष्पर्चन से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ममता राकेश ने कहा कि आज की विषम परिस्थितियों में पत्रकारिता करना बहुत कठिन कार्य है। हम सभी का दायित्व है कि मीडिया को यथासमंभव सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के प्रतिनिधी एवं दर्पण होते हैं। प्रेस से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है।युवा भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि आज मीडिया लोकतंत्र के तीनो स्तभों व समाज की जरूरत बन गया है। वह इन पर अंकुश का कार्य कर रहा है। किसान कांग्रेस के नेता सतेंद्र शर्मा ने कहा कि पत्रकार आंधी तूफान में भी हमें देश दुनिया की घटनाओं से अवगत कराते हैं, वे एक जागरूक प्रहरी का कार्य करते हैं। समारोह में मुख्य रूप से शामिल मुख्य अतिथि देवभूमि पत्रकार यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ. वी.डी.शर्मा ने कहा कि खबरें आत्मा की तरह पवित्र होनी चाहिए, पत्रकार द्वारा प्रेषित खबरों की विश्वसनीयता समाजग्राही होनी चाहिए। पत्रकार समाज का प्रतिनिधि होता हैं। पत्रकारिता एक अभिरुचि है, न कि व्यवसाय।पत्रकारिता न कभी व्यवसायिक थी,न है और नहीं होगी। मीडिया व्यवसायिक हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज के युग में पत्रकार एकता अत्यंत आवश्यक है। हमें अपने पत्रकार व पत्रकारिता की आलोचना करने व सुनने से बचना होगा। पत्रकारों को आदि पत्रकार नारद जी, गणेश शंकर विद्यार्थी, पंडित जुगल किशोर शुक्ल आदि के आदर्शों पर चलना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल, अशोक शर्मा ष्आर्यष प्रधानाचार्य, राकेश त्रिपाठी, हरीश खनेडा, यूनियन जिलाध्यक्ष देहरादून इकाई, सूर्य प्रकाश शर्मा, अशोक पांडेय आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल ने की तथा संचालन यूनियन हरिद्वार इकाई के जिला अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने किया । जिला महामंत्री सुनील शर्मा ष्कुक्कू पंडित ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर देहरादून इकाई के महासचिव नवीन चंद्र जोशी, जिला कोषाध्यक्ष रजत शर्मा, गौरव भारद्वाज, शकील अहमद, मुरसलीन अली, अनिल त्यागी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।





## भाजपा प्रदेश मंत्री शर्मा को बताई समस्याएं



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के कार्यालय पर कौशल्या फेस 1 से आए लोगों ने बिजली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग की। कालोनीवासियों ने बताया कि कालोनी में आये दिन फॉल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है, साथ ही आये दिन लो वोल्टेज का भी सामना करना पड़ता है जिससे विद्युत उपकरण शोपीस बन जाते हैं। कालोनी में जगह जगह विद्युत लाईनें जर्जर हालत में हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री ने समस्या सुनने के बाद एसडीओ अंशुल मदान से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए कहा।

### तम्बाकू निषेध

क्यों दे रहे हो बुलावा तुम
अपनी मृत्यु को,
है तम्बाकू जहर समान,
हर पल ले जाये मौत के करीब
ऐसा भी क्या नशा है इसमें,
भूल गए तुम स्वास्थ्य को अपने
इतना ना इसको तुम करो आहार
अन्यथा हर अंग हो जायेगा बेकार
कर्क रोग से हो जाओगे पीड़ित
ना रह पाओगे फिर तुम जीवित
दूध दही का कर लो सेवन
इनसे ही मिलेगा पोषण
तम्बाकू का सेवन आज ही छोड़ो
स्वस्थ जीवन ने नाता जोड़ो
खाओ तुम मेवे और फल
तभी स्वस्थ रहोंगे कल

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# अनुत्तरित सवाल है बांग्लादेशियों की घुसपैठ

अनुत्तरित सवालों को नए ढंग से राजनीतिक मुद्दों में बदलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विलक्षण शैली रही है। इस परिप्रेक्ष्य में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा-370, 35-ए, तीन तलाक और राम मंदिर जैसे आजादी के बाद से अनुत्तरित चले आ रहे प्रश्नों के समाधान करने में मोदी ने अपनी रणनीतिक दक्षता दिखाई है। अब इसी कड़ी में आम चुनाव की अंतिम सभा में मोदी ने पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में घुसपैठ को लेकर तृणमुल कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि 'बंगाल की सीमाओं से अनियंत्रित घुसपैठ की अनुमति देकर टीएमसी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है। यह घुसपैठिये आम लोगों के हक व जमीन-जायदाद पर कब्जे तो कर ही रहे हैं, बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय घनत्व भी बदल रहे हैं। पूरा देश इस समस्या को लेकर चिंतित है। टीएमसी इन घुसपैठियों को भारतीय नागरिक बनाकर स्थाई रूप से बसाना चाहती है। जबकि मतुआ शरणार्थियों का विरोध करती है। वोट-बैंक के तुष्टिकरण के चलते टीएमसी नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रही है।' लगता है चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री ने इस सभा में जिस राजनीतिक भूचाल की बात कही है, वह केंद्र में फिर से राजग की सरकार बनने के बाद 'घुसपैठ' के संदर्भ में ही दिखाई दे ? बंगाल, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है।जो यहां के सामाजिक,आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। असम के लोगों की शिकायत है कि बांग्लादेश से बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है, बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्य का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी बोडो आदिवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पे भी होती रहती हैं। नतीजतन अवैध और स्थाई नागरिकों की पहचान के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता पत्रक बनाने की पहल हुई। इस दिशा-निर्देश के मुताबिक 1971 से पहले असम में रह रहे लोगों को मूल नागरिक माना गया है। इसके बाद के लोगों को अवैध नागरिकों की सूची में दर्ज किया गया है। इस सूची के अनुसार 3.29 करोड़ नागरिकों में से 2.89 करोड़ लोगों के पास नागरिकता के वैध दस्तावेज हैं। शेष रह गए 40 लाख लोग फिलहाल अवैध नागरिकों की श्रेणी में रखे गए हैं। इस कारण केंद्र व राज्य सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है, क्योंकि ममता बनर्जी इसे गलत ठहराते हुए सर्वोच्च न्यायालय की मंशा पर ही सवाल खड़े करती रही हैं। इस तरह के संवेदनशील मामलों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जो मसौदा आया है, वह अंतिम नहीं है। जो लोग सूची में आने से रह गए हैं, वे एनआरसी के समक्ष अपना दावा और आपत्ति पेश कर सकते हैं। दरअसल घुसपैठिए अपनी नागरिकता सिद्ध नहीं कर पाते हैं, तो यह उन राजनीतिक दलों को वजूद बचाए रखने की दृष्टि से खतरे की घंटी है, जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए घुसपैठ को बढ़ावा देकर अवैध नागरिकता को वैधता देने के उपाय करते रहे हैं। इस कड़ी में जरूरत है कि अब असम की तरह बंगाल में भी एनआरसी को लागू किया जाना चाहिए। क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और मूल भारतीय नागरिकों के संसाधनों को अनाधिकृत रूप से कब्जाने के गंभीर सवालों से जुड़ा मुद्दा है। असम में अवैध घुसपैठ का मामला नया नहीं है। 1951 से 1971 के बीच राज्य में मतदाताओं की संख्या अचानक 51 प्रतिशत बढ़ गई। 1971 से 1991 के बीच यह संख्या बढ़कर 89 फीसदी हो गई। 1991 से 2011 के बीच मतदाताओं की तादात 53 प्रतिशत बढ़ी। 2001 की जनगणना के आंकड़ों के हिसाब से यह भी देखने में आया कि असम में हिंदू आबादी तेजी से घटी है और मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ी है। 2011 की जनगणना में मुस्लिमों की आबादी और तेजी से बढ़ी। 2001 में जहां यह बढ़ोत्तरी 30.9 प्रतिशत थी, वहीं 2011 में बढ़कर 34.2 प्रतिशत हो गई। जबकि देश के अन्य हिस्सों में मुस्लिमों की आबादी में बढ़ोत्तरी 13.4 प्रतिशत से 14.2 फीसदी तक ही हुई। असम में 35 प्रतिशत से अधिक मुस्लिमों वाली 2001 में विधानसभा सीटें 36 थी, जो 2011 में बढ़कर 39 हो गईं। गौरतलब है कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र होने के बाद से 1991 तक हिंदुओं की जनसंख्या में 41.89 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि इसी दौरान मुस्लिमों की जनसंख्या में 77.42 फीसदी की बेलगाम वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह 1991 से 2001 के बीच असम में हिंदुओं की जनसंख्या 14.95 प्रतिशत बढ़ी जबकि मुस्लिमों की 29.3 फीसदी बढ़ी। इस घुसपैठ के कारण असम में जनसंख्यात्मक घनत्व गड़बड़ा गया और सांप्रदायिक दंगों का सिलसिला शुरू हो गया। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा बोडो आदिवासियों ने भुगता। इसी के दुष्परिणाम स्वरूप कई बोडो उग्रवादी संगठन अस्तित्व में आ गए। बांग्लादेशी घुसपैठियों की तादाद बक्सा, चिरांग, धुबरी और कोकराझार जिलों में सबसे ज्यादा है। इन्हीं जिलों में बोडो आदिवासी हजारों साल से रहते चले आ रहे हैं। लिहाजा बोडो और मुस्लिमों के बीच रह-रहकर हिंसक वारदात होती रही हैं। पिछले 16 साल में ही हिंसा की 15 बड़ी घटनाएं घटी हैं। जिनमें 600 से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। घटनाएं घटने के बावजूद इस हिंसा का संतोषजनक पहलू यह रहा है कि हिंसा के मूल में हिंदू, ईसाई, बोडो आदिवासी और आजादी के पहले से रह रहे पुश्तैनी मुसलमान नहीं हैं। विवाद की जड़ में स्थानीय आदिवासी और घुसपैठी मुसलमान हैं। इन धुसपैठियों को भारतीय नागरिकता देने के काम में असम राज्य कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी भूमिका रही है। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाने के लिए कांग्रेसियों ने इन्हें बड़ी संख्या में मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड तक हासिल कराए। नागरिकता दिलाने की इसी पहल के चलते घुसपैठिए कांग्रेस को झोली भर-भर के वोट देते रहे हैं। कांग्रेस की तरूण गोगाई सरकार इसी बूते 15 साल सत्ता में रही। लेकिन लगातार घुसपैठ ने कांग्रेस की हालत पतली कर दी थी। फलस्वरूप भाजपा सत्ता में आ गई। इस अवैध घुसपैठ के दुष्प्रभाव पहले अलगाववाद के रूप में देखने में आ रहे थे, लेकिन बाद में राजनीति में प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में बदल गए। इन दुश्प्रभावो को पूर्व में सत्तारूढ़ रहा कांग्रेस का केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व जानबूझकर वोट बैंक बनाए रखने की दृष्टि से अनदेखा करता रहा है। लिहाजा धुबरी जिले से सटी बांग्लादेश की जो 134 किलोमीटर लंबी सीमा-रेखा है उस पर कोई चौकसी नहीं है। नतीजतन घुसपैठ आसानी से जारी है। असम को बांग्लादेश से अलग ब्रह्मपुत्र नदी करती है। इस नदी का पाट इतना चौड़ा और दलदली है कि इस पर बाड़ लगाना या दीवार बनाना नामुमकिन है। केवल नावों पर सशस्त्र पहरेदारी के जरिए घुसपैठ को रोका जाता है। इसीलिए फरवरी 2018 में तत्कालीन सेनाध्यक्ष स्वर्गीय विपिन रावत को कहना पड़ा था कि सीमापार से घुसपैठ पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में संकट बढ़ाती जा रही है। दरअसल 1971 से ही एक सुनियोजित योजना के तहत पूर्वोत्तर भारत, बंगाल, बिहार और दूसरे प्रांतों में घुसपैठ का सिलसिला जारी है। म्यांमार से आए 60,000 घुसपैठिये रोहिंग्या मुस्लिम भी कश्मीर, बेंगलुरु और हैदराबाद में गलत तरीकों से भारतीय नागरिक बनते जा रहे हैं। जबकि कश्मीर से हिंदू, सिख और बौद्धों को धकिया कर पिछले 3 दशक से शरणार्थी बने रहने को विवश कर दिया है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी सरकार ने तत्कालीन असम सरकार के साथ मिलकर फैसला लिया था कि 1971 तक जो भी बांग्लादेशी असम में घुसे हैं, उन्हें नागरिकता दी जाएगी और बाकी को भारत की जमीन से निर्वाचित किया जाएगा। इस फैसले के तहत ही अब तक सात बार एनआरसी ने नागरिकों की वैध सूची जारी करने की कोशिश की, लेकिन मुस्लिम वोट-बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल एनआरसी का विरोध करते रहे हैं। बांग्लादेश के साथ भारत की कुल 4097 किलोमीटर लंबी सीमा-पट्टी है, जिस पर जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण गरीबी और भुखमरी के मारे बांग्लादेशी असम में घुसे चले आते हैं। क्योंकि यहां इन्हें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने-अपने वोट बैंक बनाने के लालच में भारतीय नागरिकता का सुगम आधार उपलब्ध करा देते हैं। मतदाता पहचान पत्र जहां इन्हें भारतीय नागरिकता का सम्मान हासिल करा देता है, वहीं राशन कार्ड की उपलब्धता इन्हें बीपीएल के दायरे में होने के कारण मुफ्त अनाज की सुविधा दिला देती हैं। आसानी से बन जाने वाले बहुउद्देशीय पहचान वाले आधार कार्ड भी इन घुसपैठियों ने बड़ी मात्रा में हासिल कर लिए हैं। इन सुविधाओं की आसान उपलब्धिता के चलते देश में घुसपैठियों की तादाद चार करोड़ से भी ज्यादा बताई जा रही है। दरअसल बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठीये शरणार्थी बने रहते, तब तक तो ठीक था, अलबत्ता भारतीय गुप्तचर संस्थाओं को जो जानकारियां मिल रही हैं,उनके मुताबिक, पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था इन्हें प्रोत्साहित कर भारत के विरुद्ध उकसा रही है। सऊदी अरब से धन की आमद इन्हें धार्मिक कट्टरपंथ का पाठ पढ़ाकर आत्मघाती जिहादियों की नस्ल बनाने में लगी है। बांग्लादेश इन्हें हाथियारों का जखीरा उपलब्ध करा रहा है। जाहिर है, ये जिहादी उपाय भारत के लिए किसी भी दृष्टि से शुभ नहीं हैं। लिहाजा समय आ गया है कि जो आतंकवादी देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को सांगठनिक चुनौती के रूप में पेश आ रहे हैं, उन्हें देश से बेदखल किया जाए। इन्हें बेदखल किया जाता है तो भूचाल आना तय है।

**- प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# पुलिस कर्मियों को दिया राहत बचाव का प्रशिक्षण

## परेड में पुलिस कर्मियों अधिकारियों ने लगाई दौड़

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बागेश्वर के परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया।परेड में पहुंचने पर पुलिस टीम ने उन्हें सलामी दी।जिसके बाद शारीरिक दक्षता के लिए दौड़ आयोजित हुई। स्वयं एसपी कोंडे ने भी भी दौड़ लगाकर अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया। परेड के दौरान दौड़, ड्रिल, शस्त्राभ्यास, सैल्यूट ,स्क्वाड ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया।जजिसके बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया, पुलिस में एकता/ अनुशासन बनाये रखने व ड्यूटी के साथ-साथ स्वयं को फिट व स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।कहा कि आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में एसडीआरएफ की टीम द्वारा पुलिस लाईन बागेश्वर में परेड में आये सभी अधिकारी कर्मियों, थानाध्यक्ष को आपदा प्रबंधन, राहत बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें आपदा राहत एवम बचाव सम्बन्धी,रोप रेस्क्यू की जानकारी, गांठों के प्रकार एवं उसका अभ्यास, आपदा संबंधी उपकरणों की जानकारी कभी भी दुर्घटना ग्रस्त हुए वाहन को निकालने के जेड पुली, और सी पुली का प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अंकित कण्डारी, प्रतिसार निरीक्षक आदेश कुमार प्रभारी कोतवाल संजय बृजवाल,कैलाश बिष्ट, प्रह्लाद सिंह, खुशवंत सिंह महिला उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट,मीना रावत, सहित सभी थानों के थानाध्यक्ष और पुलिस कर्मी मौजूद थे।



# विधिक शिविर एक जून से 15 जून तक

## महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण तथा बच्चों के अधिकार पर किया जाएगा जागरूक

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागेश्वर के मार्गदर्शन में महिलाओं के अधिकार एवं सशक्तिकरण तथा बच्चों के अधिकार एवं उनका संरक्षण विषय पर एक जून से15जून जनपद भर में 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जनपद में जहां-जहां विद्यालय खुले हैं वहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त पराविधिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनपद के दूरस्थ गांवों में जागरूकता शिविर/कार्यक्रम आयोजित कर आमजनमानस को जागरूक किया जायेगा। जिसके लिए पराविधिक कार्यकर्ताओं को आवश्यक साहित्य एवं पैम्फलेट भी उपलब्ध करा दिये गये हैं। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर, जागरूकता रैली एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आमजनमानस को जागरूक किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में आवश्यक सहयोग हेतु जिला प्रशासन से भी पत्राचार किया जा चुका है।उन्होंने आमजन से अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहते हुए प्राधिकरण द्वारा लगाए जा रहे जागरूकता शिविर में आमजन को भी सहयोग और शिविर के माध्यम से आवश्यक लाभ लेने की अपील की।

# घायल गौ माता को रेस्क्यू कर बचाई जान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। हर पल सेवा के लिए तत्परता से सूचना मिलते ही रेस्क्यू अभियान में जुटने वाली फायर ब्रिगेड की टीम दिन रात अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, वही गत रात्रि रीमा रोड तुपेड़ से आगे सड़क पर विशालकाय पेड़ मोटर मार्ग में गिरने से यातायात बाधित हो गया, जिससे दर्जनों वाहन फंसे रहे।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने पेड़ को हटाकर मार्ग में यातायात व्यवस्था सुचारू की। वही शुक्रवार सुबह जिलाधिकारी कार्यालय के समीप एक गाय के सड़क से नीचे कलमठ में गिरने की सूचना मिली जिसके बाद फायर सर्विस रेस्क्यू यूनिट घटना स्थल पर पहुंची। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के कुशल नेतृव में फायर सर्विस रेस्क्यू यूनिट घटना स्थल पर पहुंची। जहां विशेष रेस्क्यू अभियान से गाय को सफलता से रस्सियों की सहायता से सकुशल बाहर निकाला गया। जिससे उसकी जान बच पाई।



# उत्तराखंड को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आगे आएं : जोशी

गरुड़(उद संवाददाता)। व्यसनमुक्त समाज के संयोजक व उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता डीके जोशी ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में कहा कि उत्तराखंड को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने व्यसनमुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं से नशा न करने की अपील की। सार्वजनिक पुस्तकालय में आयोजित गोष्ठी में व्यसनमुक्त समाज के संयोजक एडवोकेट डीके जोशी ने कहा कि तंबाकू सेवन हो या अन्य कोई भी नशा हो, वह युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। नशे की गिरफ्त में फंसकर युवा अपने करियर को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि नशे से कई घर उजड़ गए हैं। कई युवा असमय ही मौत के शिकार हो रहे हैं।



उन्होंने कोटपा एक्ट 2003 की जानकारी देते हुए कहा कि इस एक्ट की धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूमपान प्रतिबंधित है। उल्लंघन पर दो सौ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। धारा 5 के तहत सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन, प्रोत्साहन, प्रायोजन पर प्रतिक्षेप उल्लंघन करने एक हजार से पांच हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा 2 से 5 वर्ष की जेल हो सकती है। धारा 6 (क) के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है। धारा 6 (ख) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध है। उल्लंघन करने पर दो सौ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। धारा 7 के तहत किसी भी तंबाकू उत्पाद पर सचित्र चेतावनी प्रदर्शित होनी आवश्यक है। इस दौरान पुस्तकालयाध्यक्ष चंद्रशेखर बड़सीला, संगीता भट्ट आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**युवक का शव मिलने...**

मिलने पर परिजनों के साथ पुलिसकर्मी भी वहां आ गये। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों का कहना है कि अज्ञात लोगों द्वारा गौतम की हत्या कर उसका शव यहां नहर में फेंक दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**लूट के इरादे से बाईक सवा...**

जिससे जीतेन्द्र के सीने व हाथ में गोली लग गई और वह खून से लथपथ हो गया। उन्होंने बताया कि प्रियांशु जब जीतेन्द्र को लेकर जिला हॉस्पिटल की तरफ लेकर जाने लगा तो उक्त लड़कों ने जीतेन्द्र का घायल अवस्था में भी जान से मारने के इरादे से पुलिस लाइन के गेट तक पीछा किया। जीतेन्द्र को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय ले जाने के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उस रेफर कर दिया गया। जहां से जितेंद्र को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय भर्ती कर दिया गया जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर भारत सिंह ने चिकित्सालय जाकर घायल युवक का हालचाल जाना और उससे मामले की विस्तार से जानकारी ली। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि मामले का शीघ्र खुलासा कर दिया जायेगा।

**भाजयुमो नेता ने पिता...**

में ही मदद करता है। तोताराम की पत्नी करीब तीन वर्ष पूर्व घर से चली गई थी। बताया जाता है कि दीपक का पिता तोताराम से पिछले काफी समय से सम्पत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। पिता ने दीपक को किच्छा में प्लॉट भी दिया था जो दीपक ने बेच दिया । बताया जाता है कि गत रात्रि दीपक का पिता से सम्पत्ति को लेकर झगड़ा भी हुआ था। आज प्रात: करीब चार बजे जब सारा परिवार गहरी नींद सोया हुआ था दीपक ने पिता के कमरे में जाकर उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उनका पेट फाड़ दिया और उन्हें लहूलुहान हालत में छोड़ अपने परिवार व छोटे भाई सुमित को लेकर घर से भाग गया। पिता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घर में शोर की आवाज सुनकर किरायेदार ने उठ कर घर का मंजर देखा तो उसने पड़ोसियों को सारी बात बताई। मौहल्ले में तोताराम की हत्या से हड़कम्प मच गया और भारी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गये। इधर मामले की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर भारत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर लहूलुहान हालत में मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मौके से खून से सना चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी भाजयुमो नेता दीपक राठौर व उसके भाई सुमित को खोजबीन कर दबोच लिया और थाने में लाकर उनसे घटना के सन्दर्भ में सघन पूछताछ शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को मामले में कोई तहरीर नहीं मिली थी।

**अंतिम चरण में 57 सीटों...**

वीवीपैट मशीनों को तालाब में फेंक दिया। आरोप है कि बीच सड़क पर पेड़ की टहनियां फेंककर पुलिस की गाड़ी रोक दी गई। भाजपा प्रत्याशी अशोक कंडारी ने आरोप लगाया कि तृणमूल विपक्षी एजेंटों को बैठने नहीं दे रही है। उन्होंने चुनाव आयोग और केंद्रीय बलों पर भी उंगली उठाई। बीजेपी का दावा है कि सुबह से ही बीजेपी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग को बैठने तक नहीं दिया है। उन्हें इस हद तक पीटा गया कि वे उठ नहीं सके। पुलिस आई और कुछ नहीं कर पाई। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि तृणमूल समर्थित बदमाशों ने उन्हें वोट देने से रोका। इस पूरे तनाव के बीच एक बीजेपी कार्यकर्ता घायल हो गया। घटना के बारे में पीड़ित बीजेपी कार्यकर्ता की मां ने बताया कि उनका बेटा इस बार बीजेपी का बूथ एजेंट बन गया है। लेकिन जब वह बूथ में बैठने गया तो उसे पकड़कर पीटा गया। इस बीच घटना की खबर पाकर चुनाव अधिकारी वहां पहुंचे। आयोग ने घटना के मद्देनजर जांच शुरू कर दी है। अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर मतदान हुआ । मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। यहां सातवें चरण में कुल 2 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरूष तथा एक करोड़ 17लाख 44 हजार 922 महिला एवं 1,058 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं।

**तीसरे दिन भी ध्यान में...**

दिखे। कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए मशहूर है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और उनके शनिवार शाम तक ध्यान करने की संभावना है।

**डम्पर की टक्कर से पूर्व प्रधान...**

मौत हो गयी जबकि उसकी सहेली सुनीता कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका मंजीत कौर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना के बाद चालक मौके से वाहन सहित फरान हो गया। पुलिस अज्ञात डम्पर चालक की तलाश कर रही है।वहीं घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। डंपर से हुए हादसे को लेकर ग्रामीणों में भी रोष है।

**बेखौफ दौड़ रहे ओवरलोड...**

होकर ग्रमीण क्षेत्रों डम्परों से मिट्टी का अवैध खनन कर रहें है। कई बार ग्रामीण ऐसे डम्परों से दुर्घटना का अंदेशा जता चुके है। शनिवार तड़के नेषनल हाईवे पर डम्पर चालक दो युवतियों को टक्कर मारकर आसानी से फरार हो गया। जिससे एक युवती को मृत्यु हो गई। बताया जा रहा कि टक्कर मारने वाला डम्पर खनिज से भरा था। जिससे साफ प्रतीत है कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप मिटटी व खनिज के डम्पर बेधड़क चल रहें है। जिनके खिलाफ पुलिस एंव प्रशासन कोई कार्यवाही नही कर रहा है। पुलिस एंव प्रशासन की मिलीभगत से अवैध मिटटी खनन का कारोबार थाना क्षेत्र में खासा फल फूल रहा है। पुलिस एंव प्रशासन के प्रति ग्रामीण क्षेत्र में खासा आक्रोश है।

**चोरी की बैट्रियों सहित शातिर...**

घटना मे प्रयुक्त ई रिकशा को सीज किया गया।अभियुक्त द्वारा 28 मई को सुबह के समय बगवाडा मण्डी के अन्दर खडी करन पुत्र सेवाराम निवासी वार्ड 2. ट्रांजिट कैम्प की ई रिक्शा से 04 बैटरियो को पलास व कटर से तार काटकर चोरी किया था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, उनि जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी बगवाडा, उनि मोहन चन्द्र जोशी, का. ललित मोहन, हरीश कुमार व गणेश गिरि शामिल थे।

# गर्मी में सरयू नदी में नहाने गए जवान की डूबने से हुई मौत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लगातार जिले में बढ़ रही गर्मी से निजात दिलाने के लिए लोग नदियों में तैराकी कर गर्मी से बचने का प्रयास करते हैं, परंतु नदी में नहाना कई लोगों के लिए जानलेवा साबित होता है।प्रतिवर्ष कई लोग तैराकी नही आने से नदी किनारे नहाते है परंतु नहाते समय नदी की गहराई का अनुमान नही लगा पाने से नदी में डूबकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर देते हैं।ऐसे ही एक सैन्य जवान तपती गर्मी में सरयू नदी में नहाने का शोक लेकर नदी में नहाने गया पर थोड़ी सी चूक से वह नदी की गहराई में समा गया, तभी अचानक कुछ लोगों को नदी में एक युवक के डूबने की सूचना मिली, तभी डूबते युवक को बचाने की भी भरसक कोशिश हुई।परंतु जब तैराक युबक को पानी से बाहर लाए तब तक वह बेहोश हो गया था, जहां उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी के आधार पर 81 यूके बटालियन एनसीसी बिलौना में तैनात हवलदार की सरयू नदी नहाने गया था जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। एनसीसी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक एनसीसी जवान श्याम राणा पुत्र विष्णु राणा उम्र 32 साल कांगड़ा जिला हिमाचल प्रदेश निवासी है।वह 81यूके बटालियन एनसीसी बिलौना में तैनात था। प्रभारी कोतवाल संजय बृजवाल ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव को एनसीसी अधिकारी को बुलाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के बाद उन्हें सौप दिया गया है।और मृतक के परिजनों को एनसीसी अधिकारियों द्वारा उनके परिजनों के पास भेजा जा रहा है।वही एनसीसी अधिकारी कर्नल रवींद्रभंडारी ने हादसे पर गहरा शोक जताते हुए सभी सैन्य अधिकारी कर्मियों ने हादसे पर शोक जताया है, वही शव का सैन्य सम्मान के साथ मृतक जवान के घर अंतिम दर्शन के लिए ले जाकर सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि के लिए भेज दिया गया है।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
गुरु माँ
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS DAIKIN MITSUBISHI ELECTRIC AMSTRAD HITACHI Carrier SAMSUNG BLUE STAR IFB Whirlpool LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338